दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 304 मुरादाबाद 02 March 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी चुनाव: भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश बोले, बलिया बनाम छलिया का है विधानसभा चुनाव



समाजवादी पार्टी ( सपा ) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) सरकार पर लोगों को धोखा देने का आरोप लगाते हुये कहा कि मौजूदा विधानसभा चुनाव बलिया बनाम छलिया का है और यहां की जनता छलने वाली सरकार को उखाड़ फेकेंगी। फेफना क्षेत्र के ग्राम कटरिया में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिलेश ने मंगलवार को कहा कि भाजपा ने जनता को धोखा दिया है। उसे समय समय पर छला है समय समय पर। ये चुनाव छलिया बनाम बलिया दिखायी दे रहा है। क्रांतिकारियों की भूमि बलिया के लोग अपने बल से इस सरकार को धूल चटाने का काम करेंगे। अखिलेश ने कहा कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण लोगों ने सुना होगा। अब तो भाजपा के सहयोगी भी जान चुके है कि भाजपा के लोग झूठ बोलते हैं। छोटे नेता छोटा झूठ बोलता है,बड़ा नेता बड़ा झूठ बोलता है और सबसे बड़ा नेता सबसे बड़ा झूठ बोलता है। किसानो की आय दोगुनी करने का वादा झूठा निकला जबकि नौजवान को रोजगार नहीं मिला। किसानो को खाद डीएपी के लिए तरसना पड़ा। खरीद केन्द्र पर उसकी धान की फसल खरीदी नहीं गयी। किसानो की लूट हो गई। खाद की बोरी से पांच किलो खाद चोरी हो गयी। पता नहीं भाजपा वाले चोरी कहां से सीख कर आये हैं। अखिलेश यादव ने दावड्डा किया कि मौजूदा चुनाव में गठबंधन सरकार 300 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। सरकार आने पर किसानो,नौजवानो की समस्या का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## चुनावी होली में 'राजनीति के रंग', सीएम योगी के ,भगवा' तक पहुंची सपा की 'लाल टोपी' से तेज हुई छींटाकशी



होली का पर्व इस बार 18 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन सत्ता के गलियारे में होली 10 मार्च को शुरू हो जाएगी, जब उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 परिणाम सामने आएंगे। भाजपा को भरोसा है इस बार होली में भगवा रंग चटख होगा तो समाजवादी पार्टी को यकीन है कि उसका लाल रंग जमने वाला है। चुनाव परिणाम राजनीति के रंग दिखाएंगे, लेकिन रंगों पर राजनीति तो पूरे चुनाव भर छाई रही। सपा की लाल टोपी से तेज हुई कहानी नीले-पीले रंग दिखाते हुए %भगवा% तक पहुंच चुकी है। अब जब पूर्वांचल की 111 सीटों के लिए मतदान होने जा रहा है तो उससे ठीक पहले सपा की पूर्व सांसद डिंपल यादव द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भगवा पर छींटाकशी ने पूर्वांचल ने नई भावनात्मक बयार चला दी है, जिसने ठीक मैं भी चौकीदार की तर्ज पर मैं भी भगवाधारी जैसा माहौल बनाना शुरू कर दिया है। जाति-धर्म और दलों के अलग-अलग रंगों पर उत्तर प्रदेश की राजनीति पहले भी होती रही है। भाजपा को घेरने के लिए विरोधी दल भगवा आतंकवाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं तो संप्रदाय विशेष की राजनीति करने वालों को भगवा खेमा हरा वायरस जैसे शब्दों से घेरता रहा है। रंगों पर राजनीति के दांव से इस बार भी दल नहीं चूके। चिलमजीवी जैसे तीखे तंज सपा मुखिया अखिलेश यादव करते रहे, जिसका जवाब दिसंबर में गोरखपुर की जनसभा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा था- लाल टोपी वाले उत्तर प्रदेश के लिए खतरे की घंटी हैं।अखिलेश का तो इस पर यही पलटवार आया कि यही लाल टोपी भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी, लेकिन आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व सांसद संजय सिंह और आक्रामक होकर रंग-संघर्ष में कूद पड़े। उन्होंने तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गणवेश वाली काली टोपी लगाए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फोटो ट्वीट की। उस पर लिखा- मोदी जी काली टोपी वालों का दिल और दिमाग, दोनों काला होता है। रंगों के सहारे राजनीति की कहानी इसी कतार में बढ़ती गई। पिछले विधानसभा चुनाव में जो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) गठबंधन में भाजपा के साथ थी, इस बार उसने सपा से हाथ मिला लिया है। इससे उत्साहित अखिलेश यादव ने मऊ में सुभासपा की महापंचायत में तंज कसा- इस महापंचायत में पीले और लाल रंग की संयुक्त ताकत देखकर कोई दिल्ली तो कोई लखनऊ में लाल-पीला हो रहा होगा।दरअसल, सुभासपा का झंडा पीले रंग का है। फिर एक सभा में सपा मुखिया ने फिर भाजपा पर निशाना साधा और बोले- एक रंग वाले प्रदेश में खुशहाली नहीं ला सकते। राजनीति के रंगों को परिभाषित करने में भला एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी कैसे पीछे रहते। उन्होंने मुरादाबाद की एक रैली में टिप्पणी की- नफरत इतनी फैला दी गई कि हरा रंग देखकर भक्त लाल हो जाते हैं। इसके बाद से रंगों पर बात सिर्फ इतनी हो रही थी कि इस बार होली भगवा होगी या दूसरे रंग की? लेकिन पिछले दिनों कौशाम्बी में जनसभा के दौरान सपा की पूर्व सांसद डिंपल यादव ने मुख्यमंत्री के भगवा वस्त्रों पर तीखी टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा- इंजन तो लोहे का होता है, लेकिन उस पर जो जंग लगता है, उसी रंग का कपड़ा मुख्यमंत्री पहनते हैं। योगी मुख्यमंत्री होने के साथ ही गोरक्ष पीठाधीश्वर हैं। राजनीति के इतर उनसे लाखों अनुयायियों की आस्था जुड़ी है और छठवें चरण में तीन मार्च को गोरखपुर में भी मतदान होना है, जहां शहर सीट से योगी खुद चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में इंटरनेट मीडिया पर सपा नेता के इस तंज पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। योगी समर्थक हैशटैग %मैं भी भगवाधारी% के साथ इस पर अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं।भाजपा उत्तर प्रदेश के ट्विटर हैंडल पर लिखा गया- %जिस भगवा का अपमान सपा नेता कर रही हैं, वो सनातन धर्म व तप, त्याग, बलिदान का प्रतीक है। महलों में रहने वाले परिवारवादियों को एक भगवाधारी से सिर्फ इसलिए इतनी नफरत है कि वो 25 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं? क्या है भगवा : योगी आदित्यनाथ आफिस के अधिकृत ट्विटर हैंडल से ट्वीट की बौछार कर दी गई है। सीएम योगी की ओर से अलग-अलग ट्वीट से समझाया गया है कि भगवा क्या है, उसका महत्व क्या है। उनकी ओर से कुछ ऐसे ट्वीट किए गए- भारत की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है भगवा। भगवा और हिंदू के प्रति मौलवियों की चौखट पर घुटने टेकने व नाक रगडने वाले घोर परिवारवादियों की घृणा जगजाहिर है, इसीलिए अब हर प्रदेशवासी कह रहा है कि मैं भी भगवाधारी।

## महाशिवरात्रि: बम भोले के जयघोष से गूंज उठे शिवालय



महाशिवरात्रि का पर्व मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ शहर भर में मनाया जा रहा है। भोर से ही डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी है। करीब तीन से चार घंटे लाइन में लगने के बाद भक्तों को भोलेनाथ का दर्शन मिल रहा है। भोर करीब चार बजे ही मनकामेश्वर मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुल गए। महिलाओं व पुरुषों ने अलग- अलग कतार में लगकर भोलेनाथ का जल व दुग्ध से अभिषेक किया। महंत देव्या गिरि के मुताबिक देर रात तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं राजेंद्रनगर स्थित महाकाल मंदिर के कपाट रात 12 बजे ही भक्तों के लिए खुल गए। भोर चार बजे हुई भस्म आरती में बड़ी संख्या भक्त शामिल हुए। इसके साथ ही चौक स्थित कोतवालेश्वर , कोनेश्वर, कल्याणगिरी, बुद्धेश्वर आदि मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए।

# भोले के जयकारों के साथ कछला गंगा घाट से जल लेकर आए भक्त

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बदायुं- भोले के भक्तों ने आज सुबह से ही गंगा कछला घाट पर गंगा से जल लेकर पैदल यात्रा कर ब वाहनों से शिव मंदिरों पर सुबह देर रात से मंदिरों में जल अभिषेक बा पूजा अर्चना देर रात से होने लगी थी जिस पर गंगा स्नान करके लोगों ने गंगा मां काजल कमंडल में लेकर और गाना बजाने के साथ लाखों श्रद्धालु भोले की जयकार जय जयकार कर की पैदल चलने लगे और रास्ते में लोगों ने भक्तों के लिए भंडारे लगाकर लोगों का खूब फूल मालाओं से स्वागत किया जिस पर भोले के भक्तों में उत्साह दिखाई दिया जोकि लाखों की तादात में भोले भक्तों ने कछला गंगा मैया पर नगर पंचायत कछला की तरफ से रोशनी की पूरी व्यवस्था की गई थी जिस पर किसी भी भक्तों को कोई परेशानी नहीं होने दी और पुलिस प्रशासन सारी रात व्यवस्था में खड़ा रहा

# कछला गंगा घाट पर कैंप लगाकर प्रशासन ने की व्यवस्था





मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायुं- कछला गंगा घाट पर कैंप लगाकर किसी प्रकार की कोई भोले के भक्तों को असुविधा ना हो पाए इसके प्रशासन की तरफ से यह कैंप लगाया गया था और वहीं पर कई अधिकारी वह महिला पुलिस भी लगाई गई थी जिसके लिए भीड़ में महिलाओं के लिए किसी प्रकार की असुविधा ना हो पाए इस पर प्रशासन की पैनी नजर थी और जहां पर गंगा में गहरा जल स्थल था वहां पर खतरे का निशान का चिन्ह लगाकर और गोताखोरों को लगाया गया था इसको नजर में रखते हुए नगर पंचायत की तरफ से व प्रशासन की तरफ से लो इधर से उधर घूमते नजर आए और गंगा में नाव पर बैठकर जो भोले के भक्त गहरे में स्नान करने का मन बना रहे थे उनके लिए वहां से गहरे में ना जाओ इसकी तुरंत उन लोगों को इबदत दे रहे थे कुछ गांव की महिलाएं गंगा किनारे शिव जी की शिवलिंग पर बेलपाती धतूरे का फल भोले की शिवलिंग पर पूजा अर्चना करते नजर आए और महिलाओं में गंगा स्नान के बाद वहीं पर परिवार के साथ भोजन करते नजर आए

# मंदिरों पर तैनात रही पुलिस ब अफसर घूम कर लेते रहे मंदिरों का जायजा

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायुं- सुबह से ही मंदिरों पर शिव भक्तों की भीड़ इकट्ठी होने लगी जिसको लेकर सभी मंदिरों पर पुलिस तैनात थी जिसको लेकर अधिकारी बारी बारी से सभी मंदिर पर घूम घूम कर जायजा लेते रहे सुबह 4ः00 बजे से गौरी शंकर मंदिर हरप्रसाद मंदिर नगला मंदिर बा गांव में तक पुलिस ब अधिकारी घूम कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते रहे इस प्रकार किसी भी मंदिर पर कोई अव्यवस्था ना हो पाए और मंदिरों पर लाइन लगाकर शिव भक्तों को जल अभिषेक करने का मौका दिया गया और जो कि मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था में महिला पुलिस द्वारा बा यातायात पुलिस द्वारा कोई भी किसी प्रकार की भीड़ एकत्र नहीं होने दी और ना ही किसी भी रास्ते पर जाम लगने दिया जो कि हर चौराहे पर यातायात पुलिस की ड्यूटी लगी हुई थी

# कांग्रेसी नेता की पिटाई कर लाखों रुपयों सहित पिस्टल लूटी: क्षतिग्रस्त कर दी बंदूक

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - दबंग श्रद्धालुओं ने कांग्रेसी नेता की पिटाई कर लाखों रुपयों सहित उनकी लाइसेंसी पिस्टल लूट ली और बंदूक भी क्षतिग्रस्त कर दी। कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम नेकपुर चौरासी निवासी कांग्रेसी नेता कौशलेंद्र सिंह यादव अपनी रिलायंस पेट्रोल पंप पर मौजूद थे। करीब डेढ़ दर्जन युवक टूरिस्ट वाहन से खाटू श्याम जा रहे थे। टूरिस्ट वाहन सवार किसी युवक ने राहगीर पर थूक दिया। राहगीर ने इस बात की शिकायत पेट्रोल पंप पर की पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने थूके जाने का विरोध किया तो युवक झगड़ा करने लगे। विवाद होता देख कौशलेंद्र सिंह यादव यूवकों की दबंगई का विरोध किया तो सभी युवक कौशलेंद्र सिंह यादव से भिड़ गए। जिन्होंने कौशलेंद्र के साथ मारपीट कर उनकी लाइसेंसी पिस्टल छीन ली जब सेल्समैन ने कौशलेंद्र यादव को बचाने का प्रयास किया तो उसकी भी पिटाई की गई। पंप के कर्मचारी ने दबंगों को धमकाने के लिए कौशलेंद्र यादव की लाइसेंसी बंदूक से फायर किया तो युवकों ने बंदूक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हमलावर कौशलेंद्र यादव व पंप के सेल्समैन से लाखों रुपए भी लूट ले गए। पंप कर्मचारियों ने पीछा कर एक हमलावर को पकड़ लिया बताया गया कि पकड़ा गया हमलावर आवास विकास कॉलोनी निवासी वैभव है। उसके अन्य साथी टूरिस्ट वाहन को भगा ले गए। हमलावर टूरिस्ट वाहन से मसेनी की ओर से आए थे जिन्होंने रास्ते में एक युवक के ऊपर थूक दिया। चालक टूरिस्ट वाहन में डीजल डलवाने के लिए रिलायंस पेट्रोल पंप ले गया। तभी पीछे से आए युवक ने टूरिस्टों से कहा कि तुमने मेरे ऊपर क्यों थूक दिया। तो वह लोग युवक से बदसलूकी करने लगे। यह नजारा देखकर कौशलेंद्र यादव ने युवक का बचाव किया तभी उनके साथ भी बदसलूकी की गई। सूचना मिलने पर सीओ सिटी इंस्पेक्टर फर्रुखाबाद इंस्पेक्टर फतेहगढ़ एसओजी टीम रेलवे रोड पर नखास चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। पिस्टल बरामद- सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने मीडिया को बताया कि हमलावर मिनी बस से डीजल डलवाने पेट्रोल पंप पहुंचे थे जिनका किसी बात को लेकर पंप मालिक से विवाद हुआ था। हमलावर पेट्रोल पंप मालिक के साथ मारपीट कर उनकी पिस्टल लूट ले गए थे। पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हमलावर कैद हो गए जिनकी पहचान कर पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद कर ली है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई है। सीओ सिटी ने आपसी विवाद में मारपीट का मामला बताया है।

# विभागीय अफ़सर दिखे खुद ही नौटंकी करते हुए



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - खुशहाल परिवार का आशीर्वाद और दुआ मिलते ही हृदय प्रश्न हो जाता है। हर कोई इसके लिए प्रयत्नशील भी तो होता है। सरकार भी इसमें सहयोगी है। जागरूकता के लिए हर माह आयोजन भी किए जाते हैं। लेकिन, इस बार न तो अधीनस्थों की तरफ से कोई प्लान दिया गया और न साहब से कोई मार्गदर्शन लिया। शासन स्तर से रिपोर्ट मांगी गई तो साहब ने तंत्र को दौड़ाया। हैरानी की बात ये है कि आयोजन कराने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को ही साहब ने मुख्यालय पर बैठक के लिए बुला रखा था। कुछ काना-फूसी हुई। फिर क्या था, कुछ मिनट बाद ही विभिन्न स्थलों से आयोजन के फोटोग्राफ व डिटेल विभागीय ग्रुप व साहब के पास पहुंचनी शुरू हो गई। मुख्यालय से कुछ फोटो रिपोर्ट के साथ उच्चाधिकारियों को भी भेज दिए गए। कमाल की नौटंकी हुई। खुद विभागीय कर्मी ही इसपर चुटकी लेते दिखाई दिए।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा के दर्शन के लिए उमड़े भक्त गण



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद मे महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा के फर्रुखाबाद महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा के दर्शन के लिए उमड़े भक्त गण हमारे सनातन धर्म मे कई महान पर्व मनाये जाते है होली, दीवाली रक्षाबंधन आदि कई पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाये जाते है उन्ही परवों मे से महाशिवरात्रि पर्व एक महत्व पूर्ण माना जाता है। हमारे भारत मे इस पर्व को भक्त गण बड़े ही धूम धाम से मनाते है बताते चले की आज के दिन ही भगवान शिव और माता पार्वती जी का विवाह हुआ था। वही आज के दिन काबड़िया भी काबड़ लेकर जाते है आइये आपको बताते चले की जिला फर्रुखाबाद मे भी महाशिवरात्रि के पर्व पर भक्त गण फर्रुखाबाद के रेलवे रोड पर स्थित पंडाबाग़ मंदिर मे भोलेनाथ के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी और कई जगह बाबा के भजन बजाकर भाँग बितरण की गयी

# दूध की डेरी से कुंडी तोड़कर कंप्यूटर की चोरी

सत्येंद्र पाल सिंह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ- थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गापुर में बीती रात दूध डेयर की कुंडी तोड़करकंप्यूटर चोरी हो गई दुर्गापुर निवासी ध्यान सिंह चंद्रभान शर्मा के मकान में दूध की डेरी चल रही थी जो कि बीती रात कंप्यूटर चोरी हो गया जब सुबह डेरी स्वामी आया तो वहां पर दरवाजा की कुंडली और ताला टूटा मिला जब डेरी स्वामी ने अंदर से कंप्यूटर मशीन देखी तो वह चोरी हो चुकी थी और यह देख कर डेरी स्वामी चौक गया और इस संबंध में डेरी स्वामी पुलिस को तहरीर दे दी गई है इसमें पहले भी गांव में कई जगह ऐसी घटनाओं हो चुकी हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नगर विधायक रितेश गुप्ता ने हाईवे पर कांवरिया की सेवा की



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- नगर विधायक रितेश गुप्ता ने हाईवे पर खड़े होकर दिल्ली रोड तथा कांठ रोड पर हरिद्वार तथा बृजघाट से आए शिव भक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन किया नगर विधायक रितेश गुप्ता ने प्रात: 10:00 दिल्ली रोड पर कांवरियों की सेवा की कांवरियों को फल ,प्रसाद तथा पानी एवं भोजन कराया

उसके बाद रितेश गुप्ता कांठ रोड पर शिव भक्तों की सेवा में लगे रहे उन्होंने कहा हमारे लिए यह दिन बड़ा सौभाग्यशाली है कि हमें अपने शिव भक्तों का स्वागत करने का अवसर प्राप्त होता है जो लोग पैदल कांवर लेकर आ रहे हैं ऐसे शिव भक्तों को हृदय पटल से हम उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हैं उन्होंने बताया शिवरात्रि का महापर्व बड़ी धूमधाम से मुरादाबाद के अंदर नहीं पूरे प्रदेश में मनाया जा रहा है और जगह जगह कांवरियों का स्वागत हम लोग कर रहे हैं साथ ही साथ नगर विधायक ने कांवरियों के ऊपर भव्य पुष्प वर्षा की। नगर विधायक रितेश गुप्ता के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ,उनके पुत्र कुंवर अनिरुद्ध भी लगे रहे। एवं अन्य भाजपाई नगर विधायक के साथ थे।

# कोचिंग कर रही छात्रा को शादी का झांसा देकर, करता रहा शारीरिक शोषण मामला दर्ज

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा -कोचिंग सेंटर पर पढ़ने आई युवती को एक युवक द्वारा शादी करने का झांसा देकर , करता रहा लगातार शर्म की सीमा को शर्मसार करने का आरोप है कि जब युवती ने शादी करने को कहा तो आरोपी देवेन्द सिंह ने मना कर दिया।युवक की वेवफाई से खफ़ा युवती ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की जिसमें युक्ति का कहना है उसके शर्म गरिमा सब लूटने वाले सजा दंड देकरद्य न्याय दिलाया जाए जिसमें पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। क्षेत्र की एक युवती ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह वर्ष 2020 को उसके बात अननोन नम्बर से कॉल आई थी।जिसे बात करते हुए उसने अपना नाम देवेंद्र सिंह बताया पीड़ित युवती ने बात चीत आगे बढ़ने से कहानी प्यार महोब्बत पर पहुंच गई इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई।

इसके बाद दोस्ती शुरू हुई और धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में तब्दील हो गई। आरोपी ने युवती के माता-पिता को भी शादी के लिए राजी कर लिया। इसके बाद वह उसे उसके कमरे जहां युवती किराये पर कमरा लेकर पढ़ाई करती थी उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए शक होने पर जब युवती ने आरोपी से शादी करने की बात कही तो वह टालमटोल करने लगा जब पीड़ित ने ज्यादा फोर्स करने पर पीड़ित ने फोन पर बात की तो उसने शादी से साफ इंकार कर दिया और बोला ऐसे मेने काफी लड़की के साथ किया है मेरी शादी मेरे परिवार वालो ने तय कर दी है में तेरे से शादी नही करुगा पीड़ित ने ठाकुरद्वारा कोतवाली पहुंच कर कोतवाली प्रभारी को प्राथना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की कोतवाली पुलिस ने युवती के प्राथना पत्र के आधार पर एनसीआर दर्ज़ कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बम बम भोले की गूंज के साथ शिव भक्तों ने जलाभिषेक कर लिया भोले का आशीर्वाद

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा -ठाकुरद्वारा नगर में महाशिवरात्रि के पावन त्योहार




के उपलक्ष में पूरा क्षेत्र भोलेनाथ के जयकारों के साथ झूम उठा भोलेनाथ और माता पार्वती के पावन शुभ विवाह के अवसर पर आज जयकारों से उनकी भावपूर्ण श्रद्धा से सराबोर हो गया मंगलवार को सुबह से ही मंडी मंदिर पर भक्तों की भीड़ लगने लगी थी पावन शुभ विवाह में सम्मिलित होने के लिए मंडी शिव मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। इस उपलक्ष्य में नगर व सभी क्षेत्र के शिव भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अपने आपको शिव भक्ति में पूर्णता लिप्त कर रंग - बिरंगे पुष्पों की वर्षा करते हुए कावड़ जत्थों के साथ प्रस्थान किया भोलेनाथ पर जलाभिषेक करके यही कामना कि सभी को सद्बुद्धि दें उनकी कृपा सदा बनी रहे व आपसी भाईचारा बना रहे

WWW.KNLSLIVE.COM

# कॉलिज में विदाई समारोह में छात्रा की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रम

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा - मुस्लिम इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव और फेयरवेल पार्टी में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समा बांध दिया भाषण प्रतियोगिता में छात्रा सादिका खान प्रथम और इलमा खान द्वितीय रही जबकि गजल प्रतियोगिता में छात्रा महक सैफी प्रथम व नाजिया द्वितीय रही विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया नगर स्थित मुस्लिम इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया मैं नारी हूं मैं डरती हूं मैं मरती हूं मैं सफर अकेली करती हूं.. इस भाषण को पेश कर छात्रा सादिका खान ने झकझोर कर रख दिया उसे प्रथम पुरस्कार दिया गया जबकि इल्मा खान द्वितीय और और निषात परवीन तृतीय रही गजल प्रतियोगिता में कक्षा 9की छात्रा महक सैफी ने हमारे लिए सैकड़ों दर खुले हैं, हमें देखना है कहां हम खड़े हैं, गजल पेश कर समा बांध दिया महक सैफी प्रथम नाजिया द्वितीय और इलमा तृतीय रही इस दौरान विद्यालय प्रबंधक डॉ मोहम्मद उल्ला चौधरी ने कहा कि छात्राएं केवल इल्म हासिल ना करें बल्कि तरबियत भी हासिल करें अनुशासन में रहना बेहद जरूरी है अल्लाह के कलाम सुनने




के दौरान बातचीत कर रहे हो और तालियां बजाकर छात्रों ने काफी अनुसुशासन हीनता का परिचय दिया है यह ठीक नहीं है उप प्रबंधक हाजी डॉक्टर मोहम्मद ताहिर कहा कि पहले ही प्रयास में छात्र और शिक्षकों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है, प्रबंधक डॉ मोहम्मद उल्ला, हाजी मुख्तार, प्रधानाचार्य लोकमान सिंह, निर्णायक मंडल में शामिल डॉ.युसुफ बहादुर खान अयूब और डॉक्टर हनीफ के अलावा प्रबंधक प्रतिनिधि हकीम नईम सिद्दीकी ने पुरुस्कार वितरण किया कार्यक्रम का संचालन अकबर अली ने किए इस दौरान इरशाद अंसारी, रूबी विकट, रीमा खान, फ़रत अली, जिलानी, सत्तार आदि सभी शिक्षक मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# War and hope

After five days of fighting madness, Wisehan has found a little room for himself. At the time these lines are being written, talks have started between Ukraine and Russia on the Belarus border. In view of the way the tension between the two countries has built up during the last fortnight and has turned into a threat of ever-increasing war, there were many buts involved in such talks. But when representatives of warring countries sit face to face at the negotiating table, it has a significance of its own. There is hope, no matter what the outcome. For the last one week, many countries of the world including India are constantly saying that Russia and Ukraine should sit and talk with each other. They will have to talk even after victory and defeat in the war, so why not talk first? So the talks that have started are welcome. It is also welcome that Russia has reduced its aggression slightly in the fight, after which the possibility of talks has also been created. The world has not yet been freed from the shuddering of the threat of nuclear war that came from Russia on Sunday, just a day ago. When Russian President Vladimir Putin told his army to be ready to use nuclear weapons, the crisis once seemed to have reached a very dangerous point. However, strategic experts were surprised that at the juncture of the war, there was no need to talk about the use or use of nuclear weapons. It is true that the fight did not turn out to be as easy as Russia thought it was, but in what happened in the last five days, Russia has the upper hand. As such, why the threat of nuclear weapons has been given remains an enigma. Some experts are of the opinion that this threat was not actually for Ukraine, it was for the Western countries which stand in support of Ukraine. According to this, the Russian President probably wants to warn Western countries that if they do get involved in this war, the dangers of fighting may increase greatly. It is true that Western countries, especially NATO and the European Union, are one side of this fight, which may not be a part of this war, but they are the reason for it. It is also believed that this is a war of hegemony between Russia and NATO, which is being fought on the territory of Ukraine. India's stand on this whole issue is also that if the problem is to be ended, then NATO and Russia will have to talk honestly and seriously. The way to the final solution of this issue will emerge from this, but at the moment the biggest need is that the ongoing war between Russia and Ukraine should end immediately. The talks that have started on the Belarus border give hope for this. Wars are the result of stubbornness and when two warring countries sit at the negotiating table, it is not very easy for them to talk freely. It is time to test the patience of both the countries. Countries ready for military intervention between the two countries should wait a bit.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Nia Sharma celebrated mother's birthday in the middle of the sea, fans were blown away by the glamorous style



TV actress Nia Sharma needs only one excuse to celebrate. Party person Nia Sharma is counted among those beauties of the TV industry who add to every celebration. Nia Sharma has celebrated the birthday of her mother Usha Sharma with great pomp in Goa. During this, pictures and videos have been shared by Nia Sharma on Instagram, which are also becoming increasingly viral. After seeing the pictures of Nia Sharma's mother, people are not tired of praising her. Nia's mother looks very glamorous in the pictures that surfaced. People are giving such a reaction - Nia Sharma is celebrating her mother's birthday on a yacht in the middle of the sea. Let us tell you that the 'Jamai Raja' fame actress is very close to her mother and considers her as her best friend. After seeing the glamorous style of Nia Sharma's mother, the fans including many stars of the industry have also given their reaction. Many stars including Shantanu Maheshwari, Rubina Dilaik to Arjun Bijlani have congratulated Nia's mother on her birthday. Actress Kritika Sengar has commented on these pictures, 'Happy birthday ... I will not call her aunty ... She is very beautiful.' is married. The wedding pictures were shared by Nia on social media. During this, the actress made a lot of noise with her family. Talking about the work front, he was last seen hitting a guest entry in Bigg Boss 15. These days she is constantly becoming a part of some music video.

## Kunal Khemu along with family performed special worship of Mahashivratri, wife Soha Ali Khan's reaction is going viral



Today is a very special day for the devotees of Bholenath. The devotees of Malakal eagerly wait for this day throughout the year. Today is Maha Shivratri. The worship of Maha Shivratri is celebrated with great pomp across the country. Mahashivratri has a different significance in Hinduism. At the same time, it is called Herath among Kashmiri Pandits. In such a situation, Bollywood actor Kunal Khemu worshiped Hearth with his entire family. A special video of this worship has been shared by Kunal Khemu with his fans on social media. Actor Kunal Khemu has shared a video of Hearth's special puja on his official Instagram account. In this video you can see that Kunal is seen with his entire family. Along with him wife Soha Ali Khan and Inaaya Naumi Khemu also worshiped with all their heart. As soon as Kunal Khemu blows the conch in the video, Soha Ali Khan is watching very carefully. Fans on social media are looking very happy after seeing Soha's loving reaction. Posting this video on Instagram, Kunal Khemu wrote in the caption, 'Herath Mubarak.Wishing you all a very Happy Mahashivratri, wishing all of you peace, happiness, love and a bright future. Adoration to Lord Shiva.....' This video of the actor is being well-liked on social media. At the same time, users are constantly giving their feedback by commenting on it. Let us tell you that the worship of Herath is done at home for 3 days in the place of Kashmiri Pandits. Along with Kunal, his wife Soha and daughter Inaya also took part in the worship of Herath. Inaaya is seen performing Jalabhishek with her hands. At the same time, she is also seen ready to eat prasad with her father. Fans are very fond of Inaya's cute style on social media.

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## यश योग सेवा समिति द्वारा प्रेंटिस इंटर गर्ल्स कॉलेज एटा में योग शिविर का आयोजन कराया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यश योग सेवा समिति द्वारा प्रेंटिस इंटर गर्ल्स कॉलेज एटा में योग शिविर का आयोजन कराया गया द्य योग शिविर में महिलाओं को स्वाबलंबी ,आत्मनिर्भर शक्तिशाली बनाने के लिए योगा टिप्स दिए गए द्य दिमागी शक्ति याददाश्त क्षमता बढ़ाने के लिए कपालभाति अनुलोम ,विलोम, उद्गीत ,भ्रामरी प्राणायाम कराएं तथा वज्रासन ,मंडूकासन , उष्ट्रासन ,भुजंगासन लंबाई बढ़ाने के लिए ताड़ासन इत्यादि आसन कराएं महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय ने बताया छात्राओं को मजबूत स्वावलंबी ,आत्मनिर्भर बनने के लिए प्राणायाम आसन परम आवश्यक है द्य यस योग सेवा समिति की शिक्षिकाओं नीलम माथुर ,नेहा माथुर ,रिचा वार्ष्णेय ,संजू गुप्ता ने छात्राओं को योग कराकर उसके लाभ बताएं 7 अंत में प्रधानाचार्य ने योग का समापन कराया तथा योग प्रशिक्षक यशवीर सिंह ने स्कूल में योग कराने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्य एवं स्टाफ को धन्यवाद दिया 7 यस योग सेवा समिति की नगर प्रभारी अलका गुप्ता व राजकुमारी सीमा वार्ष्णेय ने योग शिविर का संचालन किया

## प्रसूताओं ने अलग अलग 108 एमव्यूलेंसों में दिया नव जात शिशुओं को रास्ते ही जन्म

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-108 एमव्यूलेन्स जनपद में काफी चर्चा का विषय बनती जा रही है जिससे आज दिनांक मंगलवार को प्रातः नीलम पत्नी नरेंद्र कुमार ने 108 पर फोन से सूचित किया कि हमारी पत्नी गर्भवती है और उसके प्रसव का पूर्ण समय है जिसपर सूचना मिलते ही 108 एमव्यूलेन्स सूचित करता के गांव हर्सिंग पुर कोतवाली देहात पर समय रहते पहुच गई और प्रसूता महिला को तत्काल 108 एमव्यूलेन्स से जिला महिला अस्पताल लाने गए तभी रास्ते मे कासगंज रॉड आइसर पेट्रोल पम्प



के पास आते ही प्रसूता को काफी दर्द होने लगे तभी साथ आरही आशा मिथलेश ने अपनी सूझ वूझ से एमव्यूलेन्स चालक व ई एम टी की सहायता लेते हुए आशा ने प्रसूता की पीड़ा को समझे हुए एमव्यूलेन्स में ही प्रसव कराया और प्रसूता व शिशू दोनो ही स्वस्थ है फिर वही से महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।इसी क्रम में दूसरी 108 एमव्यूलेन्स में अफसाना वेगम पत्नी पप्पन खां निवासी असरोली कोतवाली देहात ने भी एमव्यूलेन्स स्टाफ के सहयोग से कचहरी इस्थित आज प्रातः एक वच्चे को जन्म दिया फिर स्टाफ ने महिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया और जच्चा बच्चा दोनो की स्वस्थ होने की जानकारी मिलते ही परिजनों ने एमव्यूलेन्स स्टाफ की भूरि भूरि प्रसंसा की ।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -थाना अवागढ पुलिस को मिली




सफलता, नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी श्री इरफान नासिर खाँन के नेतृत्व में थाना अवागढ जनपद एटा पर पंजीकृत मु0अ0स0 21/22 धारा 376,506 भादवि0 व 3/4 पोक्सो एक्ट में वाँछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## शोभायात्रा के माध्यम से दिया गया शांति का संदेश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-शहर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा भगवान शिव की पूजा के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान यात्रा का जगह-जगह भक्तों ने स्वागत किया और पुष्प वर्षा भी की। शोभायात्रा का शुभारंभ शिव जी की पूजा से किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा होली हाउस श्रंगार नगर के सेवा केन्द्र से एक शिव संदेश शांति यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ भगीपुर ग्राम प्रधान के भाई अमर लोधी ने शिव पूजन और शिव ध्वज लहराकर किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिव के दिव्य अवतरण और शांति व भाईचारे का संदेश देना था। शोभायात्रा के दौरान अनुयाइयों ने शिव को दुखहर्ता और सुखकर्ता बताया गया। यह शोभायात्रा श्रंगार नगर से प्रारंभ होकर निधौली रोड, नारायन नगर, कचहरी, गांधी मार्केट, हाथी गेट, प्रेमनगर चौराहा से होते हुए भगीपुर माता मंदिर पर पहुंची, मंदिर पर और बालासहाय



गुप्ता के घर तथा रानी अवंतीवाई नगर में प्रमोद लोधी पत्रकार के यहां झंडा फहराते हुए शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में सुनीतादेवी, ओमलता, तनू, सुरेश चन्द्र, तालेवर सिंह, नानक चन्द्र, त्रिमल सिंह, राजेश कुमार, राजाराम सिंह, पिंटू, राकेश कुमार, राजकुमार, अजय कुमार समेत आदि अनेक भाई-बहनों ने भाग लिया। शोभायात्रा का संचालन ब्रहम्मकुमारी होली हाउस श्रंगार की इंचार्ज बहन मीना ने किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## श्रीमत भागवत कथा के समापन पर हुए भंडारे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कासगंज- गंजडुंडवारा ब्लॉक के ग्राम नूरपुर में आयोजित श्रीमत भागवत कथा के समापन पर हुए भंडारे में पटियाली से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नादिरा सुल्तान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी, ज़िला पंचायत सदस्य अभय यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रांजल यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खलील खान, अशोक सक्सेना, मनोज यादव प्रधान, प्रेम सिंह नेताजी, नेत्रपाल नेता जी, सतीश प्रधान, मुकेश यादव, मास्टर होशियार सिंह, शीलेन्द्र यादव आदि ने हिस्सा लिया।

## विहिप की पहल पर बीमार सांड को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने पहुँचाया मवेशी हॉस्पीटल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सामने पार्क मे एक सांड पडा हुआ था जो कि दिनांक 21-2-22को टीम द्वारा प्रथम सूचना 112पुलिस को दी गई तथा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस पी सिंह को दी गई तो उनकी टीम द्वारा इलाज प्रारंभ कर दिया गया उसके बाद टीम द्वारा दिनांक 24-2-22को नगरपालिका को सूचना दी गई तथा उसके बाद 28-2-22को मैने



जिलाधिकारी एटा तथा ई ओ नगरपालिका परिषद एटा तथा चैयरमैन प्रतिनिधि राकेश गांधी को मैने खुद फोन किया तो केवल चैयरमैन प्रतिनिधि राकेश गांधी जी ने फोन उठाया गया तथा आज मगंलवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश गांधी द्वारा सांड को उठाकर पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया तथा विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकताओ द्वारा 21-2-22फरवरी से आज दिनांक 1-3-22तक लगातार सेवा की गई। अरविंद चौहान ने कहा कि एटा मे गौवंशो की बहुत दुर्दशा है जव कि प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर जी के स्पष्ट आदेश है कि सभी गौवंशो को तत्काल गऊशाला भेजा जाये लेकिन उस आदेश के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे हुए तथा सीयूजी फोन तक उठाना मुनासिब नही समझते जब कि मुख्यमंत्री जी के आदेश है सभी अधिकारी फोन उठाये तथा समस्या का समाधान किया जाये। सेवा करने वालो मे,सुनील चौहान, रितिक प्रताप सिंह राठौर, ब्रजकिशोर राठौर ,अतुल राठौर, सदानंद मौजूद रहे।

## तेलईपाठ में 4 नलकूप खनन के बाद 1 में निकला पीने योग्य पानी ,ग्रामीणों ने जाहिर की कृतज्ञता



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रामचंद्र जायसवाल- बिहार पुर01 मार्च 2022/ जिला ओड़गी विकासखण्ड के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दूर्गम दूरस्थ ग्राम पंचायत रामगढ़ के आश्रित ग्राम तेलईपाठ में स्थित हैडपंप के खराब होने की खबर प्रकाशित हुई थी जिसमे शासन स्तर पर इसे बहुत गंभीरता से लेते हुये अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा ग्राम में त्वरित पेयजल व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मण्डल अम्बिकापुर को नया बोर करने के एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत तथा वन विभाग के अधिकारियों को तत्काल पहुंच मार्ग निर्माण कराने निर्देशित किया था की वहां के ग्राम वासियों को जल्द पानी उपलब्ध कराया जाए। निर्देश के परिपालन में सूरजपुर पीएचई विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 4 नलकूप खनन कार्य कराया गया। किन्तु मात्र 01 नलकूप में हैण्डपंप योग्य पानी पाया गया, जिसमें हैण्डपंप लगाकर ग्रामीणों को शुद्ध जल प्रदाय व्यवस्था उपलब्ध ग्रामीणों को कराया गया। शासन एवं जिला प्रशासन की त्वरित पहल से ग्रामवासियों में उनकी मूलभूत समस्या निराकरण होने से खुशी का माहौल है।

## पचमढ़ी एडवेंचर कैम्प में छत्तीसगढ़ स्काउट गाइड का दिखा साहस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के (टी) संवर्ग के शालेय विद्यार्थियों स्काउट- गाइड / रोवर- रेंजर की पचमढ़ी (म.प्र.) में पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित था। जिसमें छत्तीसगढ़ के पांच जिले के लगभग 200 स्काउट गाइड शामिल हुए। बता दें कि पिछले समय से कोरोना महामारी के कारण साहसिक गतिविधियों में ब्रेक लगा हुआ था। 2 सालों से कोई गतिविधि संचालित नहीं हुई थी। जिसके चलते स्काउट गाइड के छात्रों को एडवेंचर कैम्प में शामिल होने का मौका नहीं मिला था। अब कोरोना की स्थिति में कमी आई जिसके कारण कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुऐ कम संख्या में छात्रों को नेशनल एडवेंचर कैम्प में बुलाया गया। इस कैम्प में छत्तीसगढ़ के पांच जिले सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया एवं राजनांदगांव के लगभग 200 स्काउट गाइड ने एडवेंचर गतिविधि में शामिल होकर जीवन में आने वाली कठिनाइयों सामना कैसे करते हैं सीखा। इस कार्यक्रम में राजस्थान, यूपी और मध्यप्रदेश के रोवर रेंजर सहयोग करने



शामिल थे। साहसिक गतिविधि से छात्रों के अंदर ऊर्जा का संचार होता है- धनुष सिन्हा छत्तीसगढ़ से एडवेंचर कैम्प प्रभारी बेमेतरा डीओसी धनुष सिन्हा ने कहा कि ऐसे साहसिक गतिविधि शिविर आयोजित होने से छात्रों के अंदर कठिनाइयों से कैसे जूझते है इसका संचार होता है। जो उनके जीवन में हमेशा काम आती है। पचमढ़ी में ये होते हैं स्काउट गाइड की साहसिक गतिविधियां- बैलेंसिंग विथ लेग, टायर बैलेंस, रशियन टेंट क्रासिंग, बैलेंसिंग रोप विथ बम्बू, टुनेल क्रासिंग, स्विंग जम्प, लैडर क्लीम्बिंग, टायर वाल, मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज, चिमनी क्रासिंग, टायर क्रासिंग, मंकी बार्स क्रासिंग, आर्चरी, राइफल शूटिंग, हॉर्स राइडिंग, रॉक क्लीम्बिंग, रैपलिंग, स्काई साइकलिंग, वैली क्रासिंग एवं जीप लाइन-एडवेंचर शिविर से छात्रों में इस गुण का विकास होता है-इस तरह के एडवेंचर खेलों के लिए आयोजित होने वाले शिविरों में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षक खेल की सही तकनीकों और जरूरी कौशल की जानकारी देते हैं।

## एक युद्ध-नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान की हुई शुरुआत, रेवती रमण महाविद्यालय से कार्यक्रम का हुआ आगाज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में ष्एक युद्ध नशे के विरुद्धष् नशे के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत प. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय से किया गया। छ.ग. में तीन जिले रायपुर बिलासपुर के साथ सूरजपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में यह जागरुकता कार्यक्रम 28 फरवरी 2022 से लेकर मई तक कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। जिले में सबसे पहले सूरजपुर नगरीय क्षेत्र व विश्रामपुर नगर, भटगांव एवं जरही क्षेत्र को लिया गया है। यह क्षेत्र कोल एरिया एवं शहरी परिवेश होने से ज्यादा नशे के शिकार लोग इसी क्षेत्र में है। नशे से मुक्त करने हेतु जागरुकता कार्यक्रम जिला प्रशासन व कलेक्टर डॉ.गौरव कुमार सिंह के निर्देशन व जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव गुप्ता के निर्देशन में किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पंडित रेवती रमणमिश्रा महाविद्यालय में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में ष्सखी वन स्टाप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती कविता मण्डल ने बताया कि सखी वन स्टाप सेंटर में कॉफी ऐसी महिलाएं आ रही है, जिनके पति नशे में आदि होकर उनसे मार-पीट करते हैं। घरेलु हिंसा के शिकार महिलाए ज्यादातर नशा के कारण परेशानी झेल रही हैं। नशा से घर परिवार समाज तबाह हो जाता है। युवा भी आज नशे शिकार हो रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. दीपक मरकाम डेन्टीस्ट एवं तम्बाखू अमूलन कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी ने कहा की नशे में तम्बाखू एवं महत्वपूर्ण नशा हो गया है। तम्बाखू में दो प्रकार के नशा का सेवन हो रहा है। एक धुम्रपान रहित एवं दूसरा धुम्रपान युक्त दोनों ही प्रकार में नशा करने वाला उसका शिकार हो जाता है। लोग नशा शौक, स्टेटस सिम्बल, टेंशन और डिप्रेसन के कारण करते हैं। गांव में लोग तम्बाखू, गुड़ाखू का सेवन करते हैं यह पूरे शरीर को नुकसान पहुंचाता है, साथ ही डॉ. राजेश पैकरा ने कहा कि किसी भी चीज अधिक उपयोग करना नशा है। नशे कारण लोग डिप्रेसन में आ जाते हैं और यहां तक कि आत्म हत्या भी कर लेते हैं। शराब पिने वाले लोगों की काउंसलिंग के माध्यम से कम करते-करते ठीक किया जा सकता है। उन्होंने नशे से बचने के उपाये के बारे में बताया कि प्रारम्भ में मना करना चाहिए और जहां नशा होता हो वहां ज्यादा देर नहीं रुकना चाहिए। जिस गली में नशे का सामान मिलता है या लोग जहां ज्यादा





नशेड़ी है वहां नहीं जाना चाहिए मन को मजबूत रखना चाहिए, और यदि कोई ऐसा नशा में लिप्त है उसे जिला चिकित्सालय या नशा मुक्ति केन्द्र में भेजना चाहिए, श्रीमती गीता वाधवानी, एसडीओपी पुलिस नशे से नुकसान उस व्यक्ति को हीं नही बल्कि घर समाज को भी नुकसान होता है। नशा के कारण अपराध में वृद्धि हो रही है, नशा के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। जागरुकता अभियान में अपनी जिम्मेदारियों का ध्यान रखना चाहिए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा देश को खोखला कर दे रहा है। यह युवाओं को बुरी तरह से अपने आगोश में ले रहा है। युवा पिढ़ी यदि नशे से मुक्त हो जाये या नशे से दूर हो जाये तो समाज और देश ठीक हो सकता है। यहां जो कॉलेज विद्यार्थी बैठे है, उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है, क्योंकि वे स्वयं नशे से दूर रहे और समाज को भी नशे से दूर करने में सहयोग प्रदान करें। क्योंकि जिस गांव से वे आते है, गांव में कॉलेज विद्यार्थीयों की इज्जत बड़ी होती है। वे जो करते है उसे देखकर गांव के लोग प्रेरणा लेते हैं। युवा जिस ओर जायेगा आने वाला कल वैसा ही बनने वाला है। आप सभी के कंधे पर अपने देश की जिम्मेदारी है। समाज परिर्वतन में आप सभी योगदान दें। आज कल नशा बिड़ी, सिगरेट, तम्बाखू, शराब से आगे निकल गया है। इन्जेक्सन और सुलेशन के सुंघने से लेकर कोरेक्स सिरप तक नशा किया जा रहा है। किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत धारा 77 और 78 में बच्चों को नशें में प्रयुक्त करना उनका इस्तेमाल करना, नशा लाने ले जाने के लिए बच्चों का उपयोग करने पर 7 साल का सजा एवं एक लाख रुपये जुर्माना का प्रावधान किया गया है। इसकी जानकारी भी लोगों को देनी है। डॉ. एस.एस. अग्रवाल ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती हमें गांव-गांव में ग्रामीणों को बाहर लाना है। हमें शाक्षी भाव से अपने आप का चिन्तन करना है। अपने आप को देखना है। परिवर्तन अपने से प्रारम्भ करना है। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से नशे के खिलाफ नील का पत्थर साबीत होगा।